दिनांक : 25.06.2025

समय : 07.10PM

## प्रादेशिक समाचार

**<u>मुख्य समाचार :</u>**

- **आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर देश और प्रदेश में मनाया गया संविधान हत्या दिवस।**
- **केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूणे की मेट्रो ट्रेन विस्तार सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर लगाई मोहर।**
- **भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ले जाने वाले एक्सिओम-4 मिशन हुआ लांच।**
- **नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में कई सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में लिये गये निर्णय।**

**संविधान हत्या दिवस**

आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस 25 जून 1975 को भारत के संविधान को रौंदने के समय हुई घटनाओं की याद दिलाता है। यह आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है।

**प्रधानमंत्री.आपातकाल पुस्तक**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में .आपातकाल डायरी.वर्ष जिसने एक नेता को जन्म दिया. पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक तत्कालीन युवा आरएसएस प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। श्री मोदी ने आपातकाल के विरूद्ध लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुस्तक में लोकतंत्र के आदर्शों के लिए संघर्ष करने वाले श्री मोदी की एक जीवंत

तस्वीर पेश की गई है। इस पुस्तक में श्री मोदी द्वारा जीवनपर्यंत लोकतंत्र को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए किए गए उनके कार्यों को दर्शाया गया है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि आपातकाल को एक जेलखाना बना दिया गया था।

**आपातकाल प्रदेश**

आपातकाल काले अध्याय के 50 वर्ष होने पर आज प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने हिस्सा लिया। धार में भाजपा जिला कार्यालय में  सेमिनार आयोजित कर लोकतंत्र सेनानी सम्मान किया गया। राजगढ़ में संविधान हत्या दिवस भारत के लोकतांत्रिक और संवैधानिक ढांचे की रक्षा करने के संकल्प के साथ मनाया गया। विद्यालयों में संविधान की प्रस्तावना के वाचन किया गया। देवास में भाजपा ने विचारगोष्ठी का आयोजन किया । इस दौरान आपातकाल के दौरान बंद रहे मीसाबंदियों का सम्मान किया गया। भोपाल में प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसके माध्यमस से आपातकाल के दौरान किए गए संविधान संशोधनों को समझाया गया।

**कैबिनेट.ब्रीफिंग**

केंद्र सरकार ने पुणे मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के विस्तार का निर्णय लिया है। इस पर तीन हजार छह सौ 26 करोड रुपये की लागत आएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया

श्री वैष्णव ने बताया कि सरकार ने झारखंड में झरिया कोयला क्षेत्र के पुनरूद्धार के लिए संशोधित मास्टर प्लान को स्वीकृति दे दी है।

श्री वैष्णव ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश में आगरा में अंतर्राष्ट्रीय आलू केन्द्र के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दे दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आपातकाल की घोषणा के पचास साल पूरे होने पर एक प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आपातकाल के विरूद्ध बहादुरी से डटे रहे अनगिनत लोगों के बलिदानों का स्मरण और सम्मान करती है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

श्री वैष्णव ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन एक्सियम.4 के सफल प्रक्षेपण पर भी एक प्रस्ताव पारित किया गया।

**एक्सिओम 4 . लॉन्च**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में ले जाने वाला एक्सिओम 4 मिशन आज अमरीका के फ्लोरिडा में कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया। अभियान में शामिल चार अंतरिक्ष यात्री फाल्कन 9 रॉकेट पर सवार होकर स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक पहुंचेगे। कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले वर्ष 1984 में विंग कमांडर राकेश शर्मा ने सोवियत मिशन के हिस्से के रूप में अंतरिक्ष की यात्रा की थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस यात्रा को अंतरिक्ष में भारत के लिए एक नया मील का पत्थर बताया है।

इस बीचए ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरिक्ष से एक संदेश भेजा है जिसमें उन्होंने कहा कि यह एक अद्भुत यात्रा है। उन्होंने कहा कि भारत 41 साल बाद एक बार फिर अंतरिक्ष में है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने यह भी कहा कि यह यात्रा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की शुरुआत नहीं हैए बल्कि भारत के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत है।

**भोपाल मेट्रो**

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने आज भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर बने एग्जीक्यूटिव लाउंज का शुभारंभ किया। इसके शुरू होने से रेलवे यात्रियों को बेहद किफायती दामों पर होटल जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। यह सुविधा प्त्ब्ज्ब् और एस्तुति इंटरप्राइजेस की साझेदारी में शुरू की गई हैए जो खासतौर पर सामान्य यात्रियों की सुविधा और आराम को ध्यान में रखकर डिजाइन की गई है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही भोपाल में मेट्रो की शुरुआत होने जा रही है।

**मुख्यमंत्री सिन्धू**

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने इजरायल.ईरान युद्ध के चलते कतर से वापसी के लिये रह गई उज्जैन निवासी श्रीमती मनीषा भटनागर की सकुशल स्वदेश वापसी के बाद उनसे वीडियो कॉल पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि श्रीमती भटनागर कतर एयरवेज में सीनियर केबिन क्रु हैं। मुख्यमंत्री डॉण् यादव ने उनकी सकुशल वापसी के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सहयोग के लिए अनुरोध किया था।

**मुख्यमंत्री नर्मदा**

मुख्यमंत्री डॉण् मोहन यादव ने कहा है कि नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत संचालित गतिविधियों से प्रदेश में सिंचाई के रकबे और ऊर्जा उत्पादन में बहुत वृद्धि हुई है। आज मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की 267वीं बैठक में शहीद ईलाप सिंह माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना हरदाए सेंधवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना बड़वानीए निवाली उद्वहन सिंचाई परियोजना बड़वानीए धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजनाए मॉ रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना देवास

की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति के संबंध में निर्णय लिए गए। बैठक में नर्मदा नदी के धार्मिक एवं सामाजिक और पर्यटन महत्व के स्थलों पर घाट निर्माण के संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अलीराजपुर, झाबुआ, सिवनी, मंडला जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बाकी सभी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार कल कट्ठीवाड़ा, मंडला, विजयराघवगढ़ में सर्वाधिक बारिश हुई। इसके अलावा मंडला, कटनी, राजगढ़ जिलों में भी भारी बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में सभी स्थानों पर बारिश होने का अनुमान व्यक्त करते हुए यलो अलर्ट जारी किया है।

------------------------------------